## काव्य संध्या में शामिल हुए अनेक कवि

# साहित्य अकादेमी के पुस्तक विक्रय केंद्र और नवीनीकृत सभागार का उद्घाटन



**कोलकाता । संवाददाता**

साहित्य अकादेमी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय के परिसर में एक नए पुस्तक विक्रय केंद्र और नवीनीकृत सभागार का उद्घाटन किया गया है। इसका उद्घाटन साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष डॉ. माधव कौशिक और बाङ्ला परामर्श मंडल के संयोजक पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने किया। अतिथियों का स्वागत अकादेमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से पाठक कोलकाता कार्यालय परिसर में पुस्तक विक्रय केंद्र की स्थापना की मांग कर रहे थे। वह आज पूरी हो गई है। इससे पाठकों और शोधकर्ताओं को लाभ मिलेगा। यहां अकादेमी द्वारा 24 भाषाओं में प्रकाशित पुस्तकें उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि पुराने सभागार के नवीनीकरण से सारस्वत कार्यक्रमों के आयोजन में मदद मिलेगी। समारोह का संचालन साहित्य अकादेमी कोलकाता कार्यालय के प्रभारी अधिकारी क्षेत्रबासी नायक ने किया।

इसके बाद विशेष काव्य संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रख्यात कवि सुबोध सरकार ने की। कवि अर्नब साहा, बिभास रॉय चौधरी, चैताली चट्टोपाध्याय, निर्माल्य मुखोपाध्याय और शिवाशीष मुखोपाध्याय ने कविताओं का पाठ किया।